# REYAN COMPUTER INSTITUTE

**(A Motivational Institute)**


Address - Station Gali Khetasarai Jaunpur

CONTACT US - 9455667704

WhatsApp - 9198406394

E-Mail - reyancomputerinstitute@gmail.com


Director - **Mohd Zahid**

# What is Notepad? नोटपैड क्या है?

नोटपैड एक सिंपल टेक्स्ट एडिटर सॉफ्टवेयर है जो की आपको विंडोज के किसी भी वर्शन में मिल जाती है। इसमें आप सिर्फ टेक्स्ट लिखने का ही कार्य कर सकते है इसमें कोई भी ग्राफ़िक प्रयोग नहीं होता है। और ना ही आप अपने लिखे हुए टेक्स्ट इसमें कलर कर सकते है। इसके अलावा HTML वेब पेज बनाने में भी इसका प्रयोग होता है जिसमे कोडिंग लिखा जाता है।

इसमें आप अपने अनुसार कोई भी एक्सटेंशन दे सकते है अपने फाइल का। इसका बाई डिफ़ॉल्ट एक्सटेंशन **.txt** होता है।

तो आज हम इसी के बारे में जानकारी देने वाले है। पहले इसके बारे में इंट्रोडक्शन बता देते है कि किस भाग को क्या कहते है। जैसे की आप निचे पिक्चर में देख रहे होंगे उसपर लिखा हुआ है किसको क्या कहते है लेकिन फिर भी आपको एकदम शुरू से बताते है।




1. **Title Bar** टाइटल बार में आपके वो नाम दिखाई देता है जिस नाम से आपने अपने नोटपैड फाइल को सेव किया है इसलिए इसे टाइटल बार कहते है। जब आप किसी नाम से सेव नहीं किये होते है तब **"Untitled" Notepad** लिखा होता है।
2. **Menu Bar** इसमें आपका सभी मेनू होता जिसमे आप विकल्प को सेलेक्ट करके अपने नोटपैड में सेव, ओपन, कॉपी, पेस्ट, आदि कार्य करते है।
3. **Cursor** यह आपका कर्सर होता है जो ब्लिंक करता रहता है यह कर्सर जहा स्थित होता है टेक्स्ट वही से टाइप होता है।
4. **Minimize** अपने नोटपैड को मिनीमाइज करने यानि कि टास्कबार में रखने के लिए प्रयोग करते है।
5. **Maximize** नोटपैड को फुल स्क्रीन में करने के लिए प्रयोग करते है।

- **नोट: Maximize और Restore Down एक ही बटन का नाम है। जब Maximize होता है तब Restore Down का नाम दिखता है और जब Restore Down होता है तब Maximize का नाम दिखता है।**


6. **Restore Down** फुलस्क्रीन से थोडा छोटा रखने के लिए प्रयोग करते है।
7. **Close** इसके मदद से आप नोटपैड को बंद कर सकते है।
8. **Vertical Scroll Bar** इसके मदद से आप अपने पेज को ऊपर निचे कर सकते है, यह हमेशा दाएं तरफ स्थित रहता है।
9. **Horizontal Scroll Bar** इसके माध्यम से आप अपने पेज को दाएं तथा बाएँ कर सकते है, लेकिन यह स्क्रॉल बार हाईड होता है जब आप स्टेटस बार को शो करेंगे तभी दिखेगा।
10. **Status Bar** इसके माध्यम से आप अपने कॉलम और लाइन नंबर को देख सकते है।

## मेनू के बारे में (About the menu)

अब हम बारी बारी से सभी मेनू के अन्दर दिए गए विकल्प के बारे में बताएँगे। क्रमशः मेनू इस प्रकार है-

1. **File**
2. **Edit**
3. **Format**
4. **View**
5. **Help**

## Description of File Menu





फाइल मेनू के अन्दर आपको 7 आप्शन मिलेंगे जिनका कार्य इस प्रकार है-

1. **New Ctrl+N** इसके मदद से आप नोटपैड में नया (ब्लैंक) पेज ले सकते है।
2. **Open Ctrl+O** इसके माध्यम से पहले से बनी फाइल को ओपन किया जाता है।
3. **Save Ctrl+S** सेव के मदद से आप अपने बनाये गए फाइल को हार्ड डिस्क में सुरक्षित करने के लिए प्रयोग करते है। पहली बार सेव करने पर आपसे अपने फाइल का नाम और एक्सटेंशन रखने के लिए डायलॉग बॉक्स खुलेगा जिसमे आप अपने अनुसार फाइल का नाम रख सकते है। लेकिन जब आप एक बार सेव कर लेते है फिर पुनः इस आप्शन पर क्लिक करेंगे तो आप से दोबारा नाम नहीं पूछा जाएगा।
4. **Save As** सेव किये हुए फाइल को किसी दुसरे नाम और एक्सटेंशन में सेव करने के लिए प्रयोग करते है। इस आप्शन को आप जितने बार क्लिक करेंगे हर बार नाम लिखने के लिए डायलॉग बॉक्स ओपन होगा।

5. **Page Setup** इसके मदद से आप अपने नोटपैड की पेज की सेटिंग कर सकते है जैसे पेज का साइज़, ओरिएंटेशन, हैडर, फूटर आदि।
6. **Print Ctrl+P** इस आप्शन के मदद से आप अपने बनाये गए नोटपैड फाइल को प्रिंट करके हार्ड कॉपी तैयार कर सकते है।
7. **Exit** इसके मदद से नोटपैड को बंद किया जाता है।

## Description of Edit Menu


एडिट मेनू के अन्दर आपको 11 आप्शन मिलेंगे जिनका कार्य इस प्रकार है-




1. **Undo Ctrl+Z** किसी भी कार्य को एक स्टेप पीछे करने के लिए प्रयोग करते है। ध्यान रहे इसमें आप एक स्टेप आगे नहीं कर सकते है क्योकि इसमें Redo का आप्शन नहीं होता है।
2. **Cut Ctrl+X** इसके मदद से सेलेक्ट किये गए टेक्स्ट को पेज से हटाकर कर क्लिपबोर्ड में रखने के लिए प्रयोग करते है। जिसे पेस्ट के माध्यम से अपने अनुसार कही भी (चिपका कर) पेस्ट करके ला सकते है।
3. **Copy Ctrl+C** इसके मदद से सेलेक्ट किये गए टेक्स्ट को कॉपी करके क्लिपबोर्ड में रखने के लिए प्रयोग करते है। जिसे पेस्ट के माध्यम से अपने अनुसार कही भी (चिपका कर) पेस्ट करके ला सकते है।
4. **Paste Ctrl+V** कट या कॉपी किया हुआ टेक्स्ट पेस्ट करने के लिए प्रयोग करते है।
5. **Delete Del** सेलेक्ट किये गए टेक्स्ट को मिटाने के लिए प्रयोग करते है। वैसे आप जानते होंगे डिलीट बटन हमेशा दाहिने तरफ से टेक्स्ट को मिटाता है जब आप किसी टेक्स्ट के मध्य में होते है और बैकस्पेस हमेशा बाएं तरफ से।
6. **Find Ctrl+F** इसके माध्यम से आप अपने नोटपैड में लिखे किसी वर्ड और करैक्टर को खोज सकते है।
7. **Find Next F3** खोजे हुए किसी भी करैक्टर या वर्ड का दूसरा मिलता जुलता वर्ड या करैक्टर खोजने के लिए प्रयोग करते है।
8. **Replace Ctrl+H** इसके मदद से आप अपने किसी भी वर्ड को खोजकर उस वर्ड के जगह कुछ और लिखने के लिए प्रयोग कर सकते है। एक या एक से अधिक जगहों पर लिखे वर्ड को एक ही बार में बदल सकते है।
9. **Go To Ctrl+G** इसके माध्यम से लिखे हुए लाइन नंबर पर जाने के लिए प्रयोग करते है। **यह आप्शन उस समय ही कार्य करता है जब वर्ड व्रैप (Word Wrap) ना लगा हो।**
10. **Select All Ctrl+A** इसके मदद से नोटपैड में लिखे सारे वर्ड को एक ही बार में सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते है।
11. **Time/Date F5** इसके माध्यम से अपने नोटपैड में करंट डेट और टाइम इन्सर्ट करने के लिए प्रयोग करते है जहाँ आपका कर्सर ब्लिंक करता रहेगा उसी जगह पर टाइम और डेट आएगा।

# Description of Format Menu

फॉर्मेट मेनू के अन्दर सिर्फ 2 आप्शन मौजूद है जिसका कार्य इस प्रकार है-




1. **Word Wrap** इस आप्शन के मदद से आप अपने नोटपैड की विड्थ के अनुसार टेक्स्ट को दूसरी लाइन में लाने के लिए प्रयोग करते है। यदि आप इसपर टिक नहीं लगाते है तब आपका टेक्स्ट सिर्फ एक ही लाइन में टाइप होगा।
2. **Font** इसके माध्यम से आप अपने लिखने की स्टाइल को बदल सकते है जैसे **बोल्ड**, *इटैलिक*, अंडरलाइन फॉण्ट साइज तथा फॉण्ट स्टाइल भी बदल सकते है।

# Description of View Menu

व्यू मेनू के अन्दर सिर्फ एक विकल्प होता है जिसका कार्य है स्टेटस बार को दिखाना और छिपाना यह आप्शन उस समय काम करेगा जब वर्ड व्रैप ना लगा हो।

# Description of Help Menu

इसके अन्दर आपको दो आप्शन मिलेगा पहला **हेल्प** जिसके मदद आप नोटपैड का हेल्प पढ़ सकते है। और दूसरा आप्शन **About** इसकी मदद से आप नोटपैड की वर्शन, कॉपीराइट इयर, और इसी के साथ आप सर्विस पैक तथा यूजर नाम देख सकते है।